नाम.................. अनुक्रमांक..................

**A**

# वार्षिक परीक्षा, 2026
# सामाजिक विज्ञान
# कक्षा—9

**समय : 3 घण्टे 15 मिनट]** **[पूर्णांक**

**निर्देश—**(i) प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न-पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।

(ii) यह प्रश्न-पत्र दो खण्डों—'अ' एवं 'ब' में विभाजित है।

(iii) खण्ड-'अ' में 20 अंक के बहुविकल्पीय प्रश्न हैं।

(iv) खण्ड-'ब' 50 अंक का है। इसमें वर्णनात्मक-I, वर्णनात्मक-II एवं मानचित्र सम्बन्धी दो प्रश्न हैं। 'क' विश्व का मानचित्र, 'ख' भारत का मानचित्र।

(v) प्रत्येक प्रश्न के लिए निर्धारित अंक उसके सम्मुख अंकित हैं।

(vi) दिए गए मानचित्र को उत्तर-पुस्तिका में मजबूती के साथ संलग्न करना आवश्यक है।

## खण्ड-'अ'
## (बहुविकल्पीय प्रश्न)

**नोट—निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशानुसार OMR आन्सर शीट पर अंकित कीजिए—**

1. 'द स्पिरिट ऑफ द लॉज' किसकी रचना है ?

(A) रूसो (C) मॉन्टेस्क्यू
(B) लॉक (D) हॉब्स

UPBoardHub

2. हिटलर का जन्म कब और कहाँ हुआ ?

(A) 1889 ऑस्ट्रिया में
(B) 1879 वर्साय में
(C) 1881 बवेरिया में
(D) 1891 डैजिंग में

3. रूस में खूनी रविवार की घटना कब घटी थी ?

(A) 1903 में
(B) 1905 में
(C) 1908 में
(D) 1910 में

4. सेरेंगेटी पार्क कहाँ है ?

(A) तंजानिया
(B) भारत
(C) चीन
(D) नेपाल

5. 1850 के दशक में रेलवे के स्लीपर बनाये जाते थे—

(A) सीमेंट से
(B) लोहे से
(C) लकड़ी से
(D) इनमें से कोई नहीं

6. लोकतन्त्र में सम्प्रभुता निहित होती है—

(A) राष्ट्रपति में
(B) कार्यपालिका में
(C) प्रधानमंत्री में
(D) जनता में

7. संविधान सभा के स्थाई अध्यक्ष थे—

(A) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद
(B) डॉ. बी. आर. अम्बेडकर
(C) पं. जवाहरलाल नेहरू
(D) बाल गंगाधर तिलक

8. भारतीय नागरिकों के मौलिक अधिकारों का अन्तिम रक्षक कौन है ?

(A) उच्चतम न्यायालय
(B) राष्ट्रपति
(C) प्रधानमंत्री
(D) राज्यपाल

9. राज्यसभा का पदेन अध्यक्ष होता है—

(A) स्पीकर
(B) राष्ट्रपति
(C) उपराष्ट्रपति
(D) प्रधानमंत्री

10. गुआंतनामोबेजेल कहाँ है ?

(A) रूस में
(B) क्यूबा में
(C) अफगानिस्तान में
(D) अफ्रीका में

11. भारत की स्थल सीमा कितनी लम्बी है ?

(A) 7517.6 किमी
(B) 3265 किमी
(C) 15200 किमी
(D) 2940 किमी

12. गंगा की सबसे बड़ी सहायक नदी कौन-सी है ?

(A) गोदावरी
(B) गंडक
(C) महानदी
(D) यमुना

13. भारत के किस राज्य में सबसे अधिक जन घनत्व है ?

(A) केरल
(B) बिहार
(C) राजस्थान
(D) पश्चिम बंगाल

14. जनसंख्या वृद्धि का कारण है—

(A) गर्म जलवायु
(B) मृत्यु-दर घटना
(C) शिक्षा के साधनों की कमी
(D) इनमें से सभी

15. 2011 के अनुसार भारत की जनसंख्या है—

(A) 103 करोड़

(B) 121 करोड़

(C) 160 करोड़

(D) 155 करोड़

16. पालमपुर का मुख्य व्यवसाय क्या है ?

(A) मुर्गीपालन

(B) खेती

(C) डेयरी

(D) विनिर्माण

17. जनसंख्या है—

(A) भौतिक संसाधन

(B) प्राकृतिक संसाधन

(C) मानव संसाधन

(D) इनमें से सभी

18. भारत में निर्धनता के कारण रहे हैं—

(A) आर्थिक विकास का निम्न स्तर

(B) सिंचाई के साधनों की कमी

(C) आय में असमानता

(D) इनमें से सभी

19. भारत में निर्धनों की श्रेणी में आते हैं—

(A) गाँव के भूमिहीन श्रमिक

(B) बैंक के पदाधिकारी

(C) माध्यमिक विद्यालय के शिक्षक

(D) इनमें से सभी

20. जुलाई 1968 में कौन-सी क्रान्ति लाई गई ?

(A) खाद्य सुरक्षा क्रान्ति

(B) बी.पी.एल. (B.P.L.)

(C) ए.डी.एस. (A.D.S.)

(D) ए.पी.एल. (APL)

**खण्ड-'ब'**

**वर्णनात्मक प्रश्न-I**

**(उत्तर लगभग 80 शब्दों में दीजिए)**

1. फ्रांस की क्रान्ति के परिणाम बताइए।

**अथवा**

बंजारों के रहन-सहन के ढंग का वर्णन कीजिए।

2. धर्म-निरपेक्षता से आप क्या समझते हैं ? स्पष्ट कीजिए।

**अथवा**

लोकसभा राज्यसभा से शक्तिशाली क्यों है ?

3. हिमालय को नवीन वलित पर्वत क्यों कहते हैं ?

**अथवा**

भारत में जनसंख्या के असमान वितरण का क्या कारण है ?

4. आर्थिक और गैर-आर्थिक क्रियाओं में क्या अन्तर है ?

**अथवा**

सरकार बफर स्टॉक क्यों बनाती है ? संक्षेप में वर्णन कीजिए।

**वर्णनात्मक प्रश्न-II**
**(उत्तर लगभग 150 शब्दों में दीजिए)**

5. "किसान राष्ट्र की निधि हैं।" इस कथन को स्पष्ट कीजिए।

**अथवा**

विश्व पर रूसी क्रान्ति के प्रभावों की विवेचना कीजिए।

6. "स्वतंत्रता का अधिकार वास्तव में अनेक अधिकारों का समूह है।" इस कथन की विवेचना कीजिए।

**अथवा**

UPBoardHub

संविधान की प्रस्तावना अत्यन्त महत्वपूर्ण क्यों है ?

7. भारत में जनसंख्या वृद्धि के कारणों की विवेचना कीजिए।

**अथवा**

हिमालय पर्वत का आर्थिक महत्व बताइए।

8. निर्धनता के कारण बताइए तथा निर्धनता को दूर करने के उपायों पर भी प्रकाश डालिए।

**अथवा**

बेरोजगारी किसे कहते हैं ? बेरोजगारी से होने वाली हानियों का वर्णन कीजिए।

**मानचित्र सम्बन्धी प्रश्न—**

9. (क) निम्नलिखित स्थानों को दिए गए विश्व के रेखा-मानचित्र में ⊙ चिन्ह द्वारा नाम सहित दर्शाइए—

(i) बेल्जियम

(ii) प्रथम विश्वयुद्ध का एक मित्र राज्य

(iii) केन्द्रीय शक्ति वाला एक राज्य

(iv) इंग्लैंड

(v) संयुक्त राज्य अमेरिका

(ख) भारत के दिए गए रेखा-मानचित्र में निम्नलिखित को दर्शाइए—

(i) कावेरी नदी ⌒ चिन्ह द्वारा नाम सहित।

(ii) भारत के पूर्वी तट पर स्थित एक बन्दरगाह ● चिन्ह द्वारा नाम सहित।

(iii) कार्बेट नेशनल पार्क ⊙ चिन्ह द्वारा नाम सहित।

(iv) वूलर झील ▲ चिन्ह द्वारा नाम सहित।

(v) अरावली पर्वत श्रेणी ••• चिन्ह द्वारा नाम सहित।